### एक नजर में

## जल संरक्षण से कराया जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर संस्था सुदर्शन फाउंडेशन के द्वारा कुंडेश्वर सेक्टर अंतर्गत ग्राम महाराजपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े और यह अभियान जन-जन तक पहुंचे।**

इस पहल को प्रभावी बनाने के उद्देश से प्रस्फुटन समिति सदस्य,सीएमसीएलडीपी छात्रों, परामर्शदाता के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान का मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान जागरूकता से आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण एक परंपरा बन सके और भविष्य में जल संकट की समस्या उत्पन्न न हो। इस आशय के साथ कार्यक्रम किए जाते हैं। यह अभियान पूरे मध्य प्रदेश में म प्र जन अभियान परिषद माध्यम से 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाराजपुरा ग्राम से समिति सदस्य दयाराम कुशव, आराध्य विलगैया ,विनीत अहिरवार सपना विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# भिटौनी प्लांट पर गैस की कमी, टीकमगढ़ में हाहाकार

**गिर्राज गैस एजेन्सी के कुल एक लाख से ज्यादा उपभोक्ता**

**दो दिन से भिटौनी गैस प्लांट पर खड़े हैं वाहन**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर जो हाहाकार मच गया है उसके पीछे का सच यह है कि जबलपुर के भिटौनी प्लांट पर ही कमी है। यहां दो दिन से टीकमगढ़ के ट्रक गैस सिलेंडर भरने के इंतजार में है। ऐसी स्थिति में लोग टीकमगढ़ में बेहद परेशान हैं। लोगों के लिए यह बड़ी समस्या बनती जा रही है। यह भी तय नहीं है कि इसका कब निदान होगा। गैस एजेंसी के संचालक का मानना है कि यह एक अंतर्राष्ट्रीय समस्या है। इसलिए कुछ भी कहना संभव नहीं है कि सिलेंडर आज या कल मिलेगा।**

दरअसल गैस गिर्राज गैस एजेंसी के टीकमगढ़ जिले में लगभग 1 लाख उपभोक्ता है। यह उपभोक्ता गिर्राज गैस एजेन्सी से ही सिलेंडर लेते हैं। अब अचानक आई समस्या के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी को प्रशासन हो चाहे गैस एजेंसी संचालक कोई भी दूर नहीं कर पा रहा है।



शहर के संयुक्त कार्यालय मार्ग के पास स्थित गिर्राज गैस एजेंसी पर रोजाना हजारों गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ता पहुंच रहे हैं, जिससे यहां परेशानी और बढ़ती जा रही है। लोगों के घरों की परेशानी अब सड़क पर आ चली है। गैस न होने के कारण लोग एजेन्सी पर पहुंचकर स्वयं को पहले सिलेंडर लेने के लिए लाईनों में खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं कई लोग गैस सिलेंडर का नंबर लगाने के लिए भी यहां पहुंच रहे हैं, जिससे ज्यादा परेशानी बढ़ती जा रही है।




लोगों का कहन है कि उन्हें इस बात से क्या लेना देना कि क्या समस्या है उन्हें तो घर के लिए गैस सिलेंडर चाहिए, किन्तु अब उपभोक्ताओं की इस मांग को पूरा करने के लिए गैस एजेंसी संचालक भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। उनका मानना है कि जैसे ही उनके पास गैस सिलेंडरों से भरे वाहन पहुंचेंगे तो वह आगे इसकी सप्लाई कराएंगे। इतना ही नहीं गिर्राज गैस एजेंसी के दरवाजे पर पर्चे भी चस्पा कराए गए हैं, जिनमें यह बताया गया है कि गैस सिलेंडर का स्टॉक न होने के कारण वितरण रोका गया है।

संचालक द्वारा लगाए गए इस पर्चे को देखकर तमाम लोगों ने गैस एजेंसी पर ताला बंदी जैसी अफवाह भी फैला दी है, जबकि यह कोरा झूठ है। यहां पर्चे सिर्फ इसलिए लगाए गए हैं, जिससे लोग परेशान न हो उन्हें पर्चे के जरिए सही जानकारी मिल जाए और वह इधर-उधर न भटकें। हालांकि इस पूरे मामले पर टीकमगढ़ के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की नजर है, वह लोगों की समस्या को ध्यान में रखकर व्यवस्था मिलाने में लगे हैं।

### ऑनलाइन नंबर लगाएं और गैस सिलेंडर घर पर पाएं

झांसी मार्ग पर स्थित गिर्राज गैस एजेन्सी के संचालक पं. राजेन्द्र बुदौलिया ने चर्चा करते हुए बताया है कि लोग परेशान न हों, अभी हाल में तो सिलेंडरों का स्टॉक नहीं है। जैसे ही सिलेंडरों से भरे वाहन टीकमगढ़ आएंगे, वैसे ही सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मैंने एजेंसी का कार्य 5 जनवरी से संभाला था आपने देखा होगा कि उस समय सिलेंडर दो दिन या घंटों में लोगों के घरों तक पहुंचना था, लेकिन हाल में स्थिति ऐसी नहीं है। जैसे ही सिलेंडर आएंगे उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

### गिर्राज गैस संचालक ने की सहयोग की अपील

गिर्राज गैस एजेन्सी के संचालक पंडित राजेन्द्र बुदौलिया ने बताया कि मेरे आने के पहले यहां एक-एक हफ्ते में लोगों के घर सिलेंडरों की सप्लाई होती थी, लेकिन मैने 5 जनवरी के बाद इस व्यवस्था में सुधार कराया। उन्होंने कहा एजेन्सी पर कोई भी ताला बंदी नहीं हुई है। हाल में यह समस्या अंतर्राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। जबलपुर के भिटौनी प्लांट पर ही गैस नहीं है। ऐसे में टीकमगढ़ में परेशानी आना संभव है। मैं एक गैस एजेंसी संचालक होने के नाते आम लोगों से यह अपील करता हूं कि गैस एजेंसी पर भीड़ लगाने से व्यवस्था और बिगड़ेगी। इसलिए आप ऑनलाईन नंबर लगाकर अपने घर पर ही रहें आपके घर स्वयं हमारा डिलेवरी वॉय सिलेंडर लेकर पहुंचेगे। आपके द्वारा भीड़ लगाने से सिलेंडर घरों तक नहीं पहुंच रहे हैं। मैं लोगों से इस वितरण प्रणाली में सहयोग की अपील करता हूं।

## राम जन्मोत्सव के बांटे जा रहे आमंत्रण



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में श्रीराम जन्मोत्सव और हिंदू नववर्ष का उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार की ओर से इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें प्रभात फेरी, दीपोत्सव, शोभायात्रा शामिल हैं।**

रोजाना सुबह 7 बजे नजरबाग मंदिर से युवाओं ने प्रभात फेरी निकाली। यह प्रभात फेरी शहर के विभिन्न इलाको सहित आसपास के मोहल्लों से गुजरी। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वजा वितरित की गई। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार ने लोगों से श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्य अंशुल नायक ने बताया कि प्राचीन नजरबाग मंदिर में रोजाना धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग भाग ले रहे है। यह भी बताया कि 26 मार्च तक शहर में लगातार प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसका उद्देश्य नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक घर तक निमंत्रण पत्र और धर्म ध्वज पहुंचाना है। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार पिछले 20 वर्षों से लगातार श्रीराम नवमी पर्व मना रहा है, और यह इस महोत्सव का 21वां वर्ष है। 27 मार्च को नजरबाग मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे ढोल-नगाड़ों के साथ शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर में श्रीराम जन्मोत्सव और हिंदू नववर्ष का उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार की ओर से इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## करंट लगने से किसान दंपति की मौत,पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज खरगापुर। खरगापुर थाना क्षेत्र के गुना गांव में करंट लगने से एक किसान दंपती की मौत हो गई। 65 वर्षीय वंशी उर्फ टुंडा आदिवासी और उनकी पत्नी 63 वर्षीय गणेशी आदिवासी अपने खेत पर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।**

घटना शनिवार को हुई, जब दंपती पड़ोसी किसान बिरजू अहिरवार के खेत की बाड़ में लगे करंट के तार की चपेट में आ गए। बिरजू अहिरवार ने अपनी फसल को जानवरों से बचाने के लिए यह तार लगाया था।

बारिश के कारण खेत के आसपास पानी भरा हुआ था।खरगापुर थाना प्रभारी अंबर सिंह सिकरवार ने बताया कि दंपती के साथ एक बकरी भी थी, जो करंट लगने से मौके पर ही मर गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए खरगापुर अस्पताल भेजा गया। बीट प्रभारी आरक्षक भागीरथ लोधी ने जानकारी दी कि आरोपी बिरजू अहिरवार के खिलाफ धारा 105, 325 बीएनएस सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। खरगापुर थाना क्षेत्र के गुना गांव में करंट लगने से एक किसान दंपती की मौत हो गई।65 वर्षीय वंशी उर्फ टुंडा आदिवासी और उनकी पत्नी 63 वर्षीय गणेशी आदिवासी अपने खेत पर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

## खनिज की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खनिज विभाग के दल द्वारा गौण खनिज के अवैध परिवहन पर कार्रवाई की गई। सहायक खनिज अधिकारी द्वारा अपने दल के साथ बड़ागांव क्षेत्र में एक डंपर को एमसेड खनिज का ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा गया।**

जांच में वाहन चालक द्वारा प्रस्तुत रॉयल्टी से अधिक खनिज का परिवहन पाया गया। डंपर को जप्त कर पुलिस थाना बड़ागांव धसान में रखा गया। खनिज विभाग द्वारा इस तरह की कार्यवाही रोजाना की जा रही है। जिससे माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## बारिश से गेहूं की फसल की चमक हुई फीकी, मुआवजे की मांग



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। बीते दिनों जिलेभर में रात्रि को तीव्र हवाओं के साथ बारिश हुई है। जिसके चलते किसानों में चिंता व्याप्त हो गई है। क्योंकि बारिश तथा हवा के माहौल से गेहूं फसल के उत्पादन पर निश्चित रूप से प्रभाव पड़ना माना जा रहा है। किसानों का माना है कि बारिश से गेहूं के फसल की चमक फीकी हो चुकी है। ऐसी स्थिति में किसानों ने प्रशासन से नुकसान हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।**

बारिश के कारण गेहूं के फसल की कटाई के बाद निश्चित रूप से यह स्पष्ट होगा कि दाने की चमक बहुत कम हो गई है। किसानों ने कहा कि लगभग 10 प्रतिशत दाना चमक विहीन हो चुका है। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ होने पर गेहूं को नॉन एफएक्यू श्रेणी में शामिल किया जा सकता है। किसानों के अनुसार अब आवश्यकता है कि मौसम से प्रभावित फसल को देखते हुए मध्य प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य खरीदी के दौरान निर्धारित नियमों को तनिक शिथिल करे, ताकि किसानों की फसल बिक सकें।

## दुकान आवंटन के लिए जमा होंगे आवेदन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण नियंत्रण आदेश 2015 में दिये गये प्रावधान अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक उचित मूल्य की दुकान संचालित होना है एवं जिन ग्रामीण क्षेत्र की नवीन दुकान विहीन ग्राम पंचायत में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं पुर्न आवंटन स्थापित किये जाने का प्रावधान है। उक्त पावधान के तहत् अनुविभाग में ग्राम पंचायत पराखारा में नवीन दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।**

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विभाग की बेबसाइड पोर्टल पर पात्र सस्थायें 18 से 28 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## पुत्र ने पिता की मौत के मामले में लगाए आरोप

**नवभारत न्यूज जतारा। जतारा अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आ रही है। उदयपुरा गांव निवासी काशीराम कुशवाहा ने अपने पिता लंपु कुशवाहा की मौत के लिए अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी को जिम्मेदार ठहराया है।**

पिता के अंतिम संस्कार के दौरान चिता के पास बैठकर बेटे के लगाए गए इन आरोपों ने सरकारी दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। काशीराम ने एक दिन पहले 20 मार्च को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो पोस्ट किया है।मृतक के बेटे काशीराम का आरोप है कि यदि समय रहते उसके पिता को ऑक्सीजन मिल जाती, तो उनकी जान बच सकती थी। उसने भावुक होते हुए कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और धरातल पर सिस्टम पूरी तरह खोखला हो चुका है। ये मेरे




पिता की नहीं सरकार की राख है। हर सरकारी अस्पताल की हालत खराब है, आज मेरा पिता मरा है, कल किसी और का पिता मरेगा। हैरानी की बात यह है कि कोरोना महामारी के दौरान जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने अस्पताल में एक ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया था। लाखों रुपए की लागत से तैयार यह प्लांट स्टाफ की कमी के चलते महज कुछ महीनों में ही बंद हो गया। वर्तमान में यह प्लांट एक शोपीस बनकर रह गया है, जिसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। जतारा बीएमओ डॉ. संजय अहिरवार का कहना है कि ऑक्सीजन प्लांट को जल्द ही दोबारा शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। हालांकि, जब इस गंभीर लापरवाही को लेकर सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर गुस्सा है।

## हार-जीत का दांव लगाते हुए जुआरियों को पुलिस ने धरदबोचा

**आरोपियों से 68800 रुपए की नगदी बरामद**

**देहात थाना की पुलिस टीम ने दिया कार्यवाही को अंजाम**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में आगामी त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय एवं सतर्क है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।**

निर्देशों के पालन में थाना देहात पुलिस द्वारा बड़ौरा घाट क्षेत्र में अवैध जुआ गतिविधियों के विरुद्ध सुनियोजित एवं प्रभावी रेड कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपादित की गई। रेड के दौरान पुलिस ने राजीव त्रिपाठी पिता मूलुलाल त्रिपाठी, उम्र 42 वर्ष निवासी सुनवाहा, जयदेव पिता श्याम बिहारी चतुर्वेदी, उम्र 30 वर्ष निवासी जेएमके कॉलोनी टीकमगढ़, मनीष रिछारिया पिता रामदुलारे रिछारिया, उम्र 33 वर्ष निवासी सुनवाहा, बालकृष्ण पिता सरजू बिदुआ उम्र 33 वर्ष निवासी सुनवाहा, अरविंद पिता प्रभुदयाल रिछारिया, उम्र 50 वर्ष निवासी सुनवाहा, धर्मेंद्र पिता दयाराम लोधी, उम्र 40 वर्ष निवासी सुनवाहा, मुकेश पिता बाबूलाल पाठक उम्र 45 वर्ष निवासी सुनवाहा को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इनके कब्जे से 68,800 रूपये नगद राशि एवं 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। थाना देहात में धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव सहित पुलिस टीम के सदस्य प्रधान आरक्षक रामरतन, सतीश शर्मा, आरक्षक मनोज, मुकेश, अरविंद, अरबाज, जितेंद्र, कमल एवं एनआरएस मनीष रजक की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

त्योहारों के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। आमजन से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिला पुलिस समस्त नागरिकों से अपील करती है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर अफवाहों से दूर रहें ।

**लापरवाही** ▶ **लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी में हो रहा लीकेज**

# जल जीवन मिशन योजना से नहीं मिल रहा ग्रामीणों को पानी

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। गांव हो या शहर गर्मी आते ही जल संकट गहरा जाता है। मोहनगढ़ कस्बे में गर्मी की शुआत में ही कुछ स्थानों पर बूंद - बूंद पानी को रहवासी तरस रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो यहां पर पिछले चार साल पहले जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया था जो आज तक पूर्ण नहीं हो पाया यहां तक कि ठेकेदार संपूर्ण कस्बे में खुद की लाइन से पानी नहीं पहुंचा पाए कुछ दिनों पूर्व पानी की टंकी निर्माण में भी लाखों रुपए की लागत से बनी टंकी के लीकेज एवं निर्माण कार्य में की गई लापरवाही की तस्वीरें सामने आई थी। जिस ठेकेदार ने टंकी से पानी की सप्लाई बंद कर दी थी।**

ग्रामीणों का कहना है कि



सर्दियों का मौसम तो तालाब का पानी उपयोग करते रहे लेकिन अब गर्मियों में तालाब का पानी कम एवं मलिन हो चला है ऐसे में रहवासियों को पीने के पानी की चिंता सताने लगी है। बंशकर बस्ती ,आदिवासी बस्ती,बस स्टैंड के साथ कंचनपुरा में पानी नहीं पहुंच रहा है जिससे रहवासी परेशान हो रहे है। वहीं पूरे मामले को लेकर ग्राम सरपंच अखलेश केवट का कहना है कि लोग पीने के पानी को लेकर चिंतित है जल जीवन मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत से निर्माण कराई गई टंकी एवं बिछाई गई लाइन से पूरे कस्बे को पानी नहीं मिल रहा है ग्राम पंचायत की पुरानी पानी की लाइन की मदद से कस्बे के कुछ स्थानो तक पानी पहुंच रहा है तो कही ऊपरी भागों पर पानी नहीं पहुंच रहा है। ठेकेदार के द्वारा कस्बे की पक्की सड़क क्षतिग्रस्त कर दी गई जिससे आए दिन सड़क हादसे जैसी स्थिति सामने आ रही है सड़कों की मरम्मत के साथ पानी को लेकर ठेकेदार द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। हरिराम वंशकार ने बताया कि हमारे मोहल्ले के लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए 1 किलोमीटर दूर से पानी का इंतजाम करते हैं लंबे समय से हमारे मोहल्ले में पानी नहीं आ रहा है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। वही मोहनगढ़ तहसील में 10 फरवरी को कलेक्टर का जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया था जिसमें क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना गया था इस दौरान मोहनगढ़ कस्बे में कछुआ की चाल से चल रहे नल जल योजना के कार्य की शिकायत कलेक्टर के समक्ष ग्रामीणों के द्वारा की गई थी जिस पर जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के द्वारा संबंधित विभाग के आला अधिकारियों को फरवरी के अंत तक मोहनगढ़ में पानी की समस्या खत्म करने के निर्देश दिए गए थे ऐसा प्रतीत होता है कि ठेकेदार एवं विभाग ने कलेक्टर के निर्देशों को नकार दिया है।

### 15 अप्रैल तक पहुंचने लगेगा लोगों के घरों तक पानी

उक्त समस्या को लेकर पीएचई विभाग के जतारा एसडीओ हर्ष कुमार राय से बात की गई तो उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा नए सिरे से खुदाई का कार्य प्रगति पर है मार्च के अंत तक पूरे कस्बे में लाइन बिछाए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और 15 अप्रैल तक घर-घर नल से जल पहुंचना चालू हो जाएगा।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली होगी शुरू

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत में एक उचित मूल्य दुकान होगी। किसी पंचायत में पात्र गृहस्थियों की संख्या 800 से अधिक होने पर एक अतिरिक्त दुकान खोली जा सकेगी। परन्तु किसी पंचायत में अतिरिक्त दुकान खोली जाती है तो पात्र गृहस्थियों की संख्या यथासंभव 400 से कम न हो।**

अतैव उपभोक्ताओं की सुविधा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुचारू संचालन हेतु विकासखण्ड की एक शासकीय उचित मूल्य दुकान मवई में 800 से अधिक कार्ड होने से अतिरिक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान खोले जाने हेतु ऑनलाईन विज्ञप्ति निकाली जाकर नवीन दुकान आवंटन किया जाना है।

## अवैध कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। पुलिस अधीक्षक के द्वारा गुंडों एवं दहशतगर्दों पर लगाम लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा के निर्देशन में, एसडीपोपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर मोहनगढ द्वारा ग्राम टीलादांत में एक व्यक्ति के अवैध कट्टा एवं जिंदा कारतूस रखे होने की सूचना पर टीम गठित की गई। रविवार को उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करने हेतु टीम को रवाना किया जिसे थाना मोहनगढ़ पुलिस द्वारा सफलतापूर्वक घेराबंदी कर में अवैध कट्टा एवं जिंदा कारतूस के गिरफ्तार किया गया जिस पर थाना मोहनगढ़ में अपराध क्रमांक 48/2026 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमल सिंह सदस्यो का सराहनीय योगदान रहा है ।